>

Title: Need to provide Minority Educational Institution Status to Aligarh Muslim University and Jamia Milia Islamia University, Delhi-laid.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल) : आपका ध्यान मैं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी व जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी को अक्लियती दर्जा अभी तक न दिलाए जाने के बारे में दिलाना चाहता हूं। इन दोनों यूनिवर्सिटीज को माइनॉरिटी कैरेक्टर का दर्जा दिलाये जाने की मांग काफी अर्से से चली आ रही है।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी 1920 में सर सैय्यद अहमद खां ने व जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी इसके बाद डॉ0 जाकिर हुसैन के प्रयासों से स्थापित हुई थी। इन दोनों इदारों में मुस्लिम भाईयों ने हर तरह का योगदान दिया है। इस बारे में बहुत सारे ऐजीटेशन वगैरह भी हुए हैं। इन दोनों इदारों को माइनॉरिटी कैरेक्टर का दर्जा न दिये जाने से मुस्लिम तबके में काफी मायूसी है।

आपसे गुज़ारिश है कि आप अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटीज को जल्द से जल्द माइनॉरिटी कैरेक्टर का दर्जा दिलाने की मेहरबानी करें।